ISSN-0970-0718

जागृति

वर्ष:60 अंक:3 मुम्बई फरवरी 2016

मन की बात

वर्ष 2016 की अपनी पहली “मन की बात” में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा खादी को बढ़ावा देने हेतु लोगों से पूरा सहयोग देने का आह्वान

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ग्रामीण औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुंबई

ISSN-0970-0718

जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष 60 अंक 3 मुम्बई फरवरी 2016

सम्पादक मंडल

अध्यक्ष
अरुण कुमार झा

सम्पादक
के. एस. राव

उप सम्पादक
सुबोध कुमार

अवर उप सम्पादक
अमृता सोम मुखर्जी

अवर हिन्दी अनुवादक
सरस्वती खनका

वरिष्ठ कलाकार - अनुप खोडस्कर

कलाकार - दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित
टेलिफैक्स: 022-26719465
ई-मेल: jagritikvic@gmail.com वेबसाईट: www.kvic.org.in

प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय,
खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड,
विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित
सम्पादक: के. सुब्बाराव राव

सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रू. 100/-
वर्ष के लिये सदस्यता शुल्क	:	रू. 250/-

इस अंक में...

समाचार सार 3 से 27

- "मन की बात": माननीय प्रधान मंत्री द्वारा खादी को बढ़ावा देने हेतु लोगों से पूरा सहयोग देने का आह्वान
- खादी और ग्रामोद्योग से जुड़े मेरे बहनों और भाइयों के नाम माननीय प्रधान मंत्री का पत्र
- गाँधी जी के सपनों को मूर्तरूप देना सरकार की प्राथमिकता है- कलराज मिश्र
- गाजियाबाद में एमएसएमई मंत्री द्वारा खादी प्रदर्शनी "खादी बाज़ार" का उदघाटन
- आयोग मुख्यालय में 67 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया
- रेलवे को खादी उत्पादों की आपूर्ति हेतु आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार श्री सुरेश प्रभु से मुलाकात की।
- आयोग के अध्यक्ष श्री वी.के. सक्सेना, गुजरात के माननीय शिक्षा मंत्री श्री भूपेन्द्रसिंह चूडासामा के साथ रणपुर, गुजरात में आयोजित एक स्नेह मिलन समारोह में।
- मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ
- दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रखा जाएगा दुनिया का सबसे बड़ा चरखा'
- हरित वस्त्र" के नाम से जानी जाएगी.......अब खादी
- साधना के लिए चरखा और सूत न केवल साधन है, बल्कि उसकी साधना और उद्देश्य भी है – मनोज पाठक
- उत्तर प्रदेश में युबाओं के लिए 25 इंक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष का वाराणसी दौरा
- आयोग के राज्य कार्यालय, गंगटोक में 67वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया
- भारत और मॉरिशस के मध्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम वर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग हेतु पहली संयुक्त समिति की बैठक
- अण्डमान निकोबार खादी बोर्ड द्वारा प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत डीएलटीएफसी की 51वीं बैठक
- खादी और ग्रामोद्योग आयोग देगा मॉरीशस को सहयोग
- गांधी, खादी-चरखा और रोजगार- राघवेन्द्र त्रिपाठी, यूनीवार्ता
- कताई कार्य, महाराष्ट्र के सूखाग्रस्तों का भाग्य बदल देगा
- सत्य पॉल ने पेश किए मराठवाड़ा खादी परिधान
- ए.जी. राव को प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हेतु श्रेष्ठ समन्वयक पुरस्कार
- मुख्यालय में कार्यालय अधीक्षकों के लिए हिन्दी कार्यशाला सम्पन्न
- नासिक में दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित
- विभागीय उद्योग संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक

खादी क्षेत्र की सुर्खियां 28 से 31

मन की बात

मन की बात आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित किया जाने वाला एक कार्यक्रम है जिसके जरिये भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत के नागरिकों को संबोधित करते हैं। वर्ष 2016 की अपनी पहली "मन की बात" में माननीय प्रधान मंत्री ने खादी को बढ़ावा देने हेतु लोगों से पूरा सहयोग देने का आह्वान किया।

मेरे प्यारे देशवासियों,

कुछ दिन पहले मैं सरदार पटेल के विचारों को पढ़ रहा था। तो कुछ बातों पर मेरा ध्यान गया और उनकी एक बात मुझे बहुत पसंद आई। खादी के संबंध में सरदार पटेल ने कहा है, हिन्दुस्तान की आजादी खादी में ही है, हिन्दुस्तान की सभ्यता भी खादी में ही है, हिन्दुस्तान में जिसे हम परम धर्म मानते हैं, वह अहिंसा खादी में ही है और हिन्दुस्तान के किसान, जिनके लिए आप इतनी भावना दिखाते हैं, उनका कल्याण भी खादी में ही है। सरदार साहब सरल भाषा में सीधी बात बताने के आदी थे और बहुत बढ़िया ढंग से उन्होंने खादी का महात्म्य बताया है। मैंने कल 30 जनवरी को पूज्य बापू की पुण्य तिथि पर देश में खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े हुए जितने लोगों तक पहुँच सकता हूँ, मैंने पत्र

लिख करके पहुँचने का प्रयास किया। वैसे पूज्य बापू विज्ञान के पक्षकार थे, तो मैंने भी टेक्नोलॉजी का ही उपयोग किया और टेक्नोलॉजी के माध्यम से लाखों ऐसे भाईयों-बहनों तक पहुँचने का प्रयास किया है। खादी अब एक symbol बना है, एक अलग पहचान बना है। अब खादी युवा पीढ़ी के भी आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है और खास करके जो-जो holistic health care और organic की तरफ झुकाव रखते हैं, उनके लिए तो एक उत्तम उपाय बन गया है।

फैशन के रूप में भी खादी ने अपनी जगह बनाई है और मैं खादी से जुड़े लोगों का अभिनन्दन करता हूँ कि उन्होंने खादी में नयापन लाने के लिए भरपूर प्रयास किया है। अर्थव्यवस्था में बाजार का अपना महत्व है। खादी के लिए भी भावात्मक जगह के साथ-साथ बाजार में भी जगह बनाना अनिवार्य हो गया है। जब मैंने लोगों से कहा कि अनेक प्रकार के fabrics आपके पास हैं, तो एक खादी भी तो होना चाहिये और ये बात लोगों के गले उतर रही है कि हाँ भाई, खादीधारी तो नहीं बन सकते, लेकिन अगर दसों प्रकार के fabric हैं, तो एक और हो जाए। लेकिन साथ-साथ मेरी बात से सरकार में भी एक सकारात्मक माहौल पनप रहा है। बहुत सालों पहले सरकार में खादी का भरपूर उपयोग होता था। लेकिन धीरे-धीरे आधुनिकता के नाम पर ये सब खत्म होता गया और खादी से जुड़े हुए हमारे गरीब लोग बेरोजगार होते गए। खादी में करोड़ों लोगों को रोजगार देने की ताकत है।

पिछले दिनों रेल मंत्रालय, पुलिस विभाग, भारतीय नौसेना, उत्तराखण्ड का डाक-विभाग ऐसे कई सरकारी संस्थानों ने खादी के उपयोग में बढ़ावा देने के लिए कुछ अच्छे Initiative लिए हैं और मुझे बताया गया कि सरकारी विभागों के इस प्रयासों के परिणामस्वरूप खादी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए, इस requirement को पूरा करने के लिए, सरकार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, अतिरिक्त extra - 18 लाख मानव दिन का रोजगार generate होगा। 18 lakh man-days, ये अपने आप में एक बहुत बड़ा jump होगा। पूज्य बापू भी हमेशा Technology के up-gradation के प्रति बहुत ही सजग थे और आग्रही भी थे और तभी तो हमारा चरखा विकसित होते-होते यहाँ पहुँचा है। इन दिनों solar का उपयोग करते हुए चरखा चलाना, solar energy चरखे के साथ जोड़ना बहुत ही सफल प्रयोग रहा है। उसके कारण मेहनत कम हुई है, उत्पादन बढ़ा है और qualitative गुणात्मक परिवर्तन भी आया है। खास करके solar चरखे के लिए लोग मुझे बहुत सारी चिट्ठियाँ भेजते रहते हैं। राजस्थान के दौसा से गीता देवी, कोमल देवी और बिहार के नवादा जिले की साधना देवी ने मुझे पत्र लिखकर कहा है कि solar चरखे के कारण उनके जीवन में बहुत परिवर्तन आया है। हमारी आय double हो गयी है और हमारा जो सूत है, उसके प्रति भी आकर्षण बढ़ा है। ये सारी बातें एक नया उत्साह बढ़ाती हैं, और 30 जनवरी, पूज्य बापू को जब स्मरण करते हैं, तो मैं फिर एक बार दोहराऊँगा - इतना तो अवश्य करें कि अपने ढेर सारे कपड़ों में एक खादी भी रहे, इसके आग्रही बनें।



माननीय प्रधान मंत्री का पत्र

खादी और ग्रामोद्योग से जुड़े मेरे बहनों और भाइयों,

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। गांधी जी का सपना था कि प्रत्येक भारतवासी स्वावलंबी बने। इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने हमें खादी का मंत्र दिया।

मेरे लिए यह अत्यंत खुशी की बात है कि सरकार के प्रयास फलीभूत हो रहे हैं और आपके द्वारा तैयार किए गए खादी के उत्पादों का उपयोग करने के लिये विभिन्न सरकारी संस्थान आगे आ रहे हैं। इनमें रेल मंत्रालय, पुलिस विभाग, भारतीय नौ सेना, डाक विभाग सहित अन्य सरकारी संस्थान शामिल हैं। मुझे बताया गया कि इन संस्थानों की माँग को पूरा करने के लिए लगभग 18 लाख मानव दिनों का अतिरिक्त रोजगार खादी के क्षेत्र में उपलब्ध होगा और प्रत्येक कारीगर की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी।

आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली खादी आज एक फैशन परिधान बन गई है। नवगठित खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग नए अवसरों और चुनौतियों को ध्यान में रखकर कई महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। ऐसे इंतजाम किए जा रहे हैं, जिससे आपको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, जैसे अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ आसानी से मिल सके।

आयोग द्वारा सोलर चरखा और सोलर लूम से उत्पादन के सफल प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कत्तिन बुनकर पहले से कम मेहनत में अधिक उत्पादन कर सकें और उन्हें दोगुनी आमदनी हो।

हम भारत के गांवों में खादी और ग्रामोद्योग का नेटवर्क करना चाहते हैं, ताकि लोगों को रोजगार से जोड़कर गांवों के प्रत्येक परिवार को सबल बनाया जा सके।

- नरेन्द्र मोदी

लखनऊ में राज्य स्तरीय पी.एम.ई.जी.पी. कार्यशाला आयोजित

गाँधी जी के सपनों को मूर्तरूप देना सरकार की प्राथमिकता है

-कलराज मिश्र

उत्तर प्रदेश राज्य में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करते हुए इसके क्रियान्वयन में गति देने के उद्देश्य से दिनांक 06.01.2016 को गन्ना संस्थान, लखनऊ के प्रेक्षागृह में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन श्री कलराज मिश्र, माननीय सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया।

कार्यशाला में डा. अनूप कुमार पुजारी, सचिव, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, श्री विनय कुमार सक्सेना, माननीय अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, श्री जयप्रकाश तोमर, सदस्य, खादी ग्रामोद्योग आयोग (मध्य क्षेत्र),, डा. रजनीश दूबे, प्रमुख सचिव (एम.एस.एम.ई), उ.प्र. शासन, श्रीमती नीना शर्मा, आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग निदेशालय, कानपुर, डा. मोनिका एस. गर्ग, प्रमुख सचिव (खादी एवं ग्रामोद्योग), उ.प्र. शासन, श्री मनमोहन चौधरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ.प्र. खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ, श्री के. एन. जनार्दन, राष्ट्रीय समन्वयक, आरसेटी एवं श्री आर. एस. पाण्डेय, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ, राज्य के सभी जिला उद्योग केन्द्रों के आयुक्त (उद्योग), प्रदेश के सभी अग्रणी जिला प्रबंधक, सभी बैंकों के स्थानीय प्रमुख,प्रदेश में स्थित सभी आरसेटी के निदेशक तथा योजना के क्रियान्वय से संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया ।

कार्यशाला के उद्घाटन के पश्चात कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री कलराज मिश्र, माननीय केन्द्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने कहा कि

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने देश में उपलब्ध कच्चे माल की उपलब्धता का उपयोग करते हुए कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया था और कहा था कि जब तक देशवासी उपलब्ध कच्चे माल का सदुपयोग करेंगे, तो स्वावलम्बन के आधार पर देश में स्वदेशी की भावना जागृत होती रहेगी। गाँधी जी के मनोभावों का मूर्तरूप प्रदान करने हेतु महात्मा गाँधी के सपनों व ग्राम स्वराज के नारे को बल प्रदान के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जा रहा है। हमारे देश की मिट्टी में उद्यमिता विद्यमान है, हमारे यहाँ के लोग आत्मनिर्भर होकर कार्य करना चाहते हैं, उद्यमिता के भाव को जागृत करना ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का उद्देश्य है। माननीय मंत्री ने आगे कहा कि उ.प्र. बड़ा प्रदेश है, अपेक्षा के अनुरूप मार्जिन मनी राशि प्राप्त नहीं हो पायी है। इस योजना के क्रियान्वयन में उ.प्र. में जितनी धनराशि की जरूरत होगी, वह हम भारत सरकार की तरफ से देने के लिए तैयार हैं, पर प्राप्त धनराशि का समुचित उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार प्राथमिकता के आधार पर गाँधी जी के सपनों को मूर्तरूप देना चाहती है। देश के बहुमुखी विकास के लिए देश और प्रदेश का समन्वय आवश्यक है जब मेक इन यूपी सफल होगा तभी मेक इन इण्डिया भी सफल होगा।

श्री मिश्र ने यह भी कहा कि देश में लघु उद्योगों के विस्तार के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उद्योग आधारित यू.ए.एम. प्रणाली लागू की गयी है, जिसमें 20 बिन्दुओं के ऑनलाईन फार्मेट भरने से स्वत: ही उद्यमियों को उद्योग पंजीकरण प्राप्त हो जायेगा तथा इन्हें सभी प्रकार की सरकारी सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी । पी.एम.ई.जी.पी. कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की अति महत्वपूर्ण योजना है, इसी से स्वावलम्बन प्राप्त होगा एवं बेरोजगार से स्वरोजगार की ओर का नारा फलीभूत होगा।

उन्होंने उपस्थित भागार्थियों का आह्वान किया कि यह योजना अच्छे ढ़ंग से कार्यान्वित होनी चाहिए और इसमें व्याप्त विसंगतियों को दूर किया जाना चाहिए। कार्यशाला में प्राप्त सुझावों पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग एवं मंत्रालय स्तर पर विचार करते हुए निराकरण हेतु सभी उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे।

डा. अनूप कुमार पुजारी, सचिव, सू.ल.म.उ. मंत्रालय, भारत सरकार ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए इस कार्यशाला में आये हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों का सहयोग व सुझाव अपेक्षित है। हम सबको साथ मिलकर योजना की बेहतरी के लिए कार्य करना होगा। हमें योजना के डिजाईन की कमियों के बारे में कार्यशाला के दौरान जो भी सुझाव आयेंगे, उस पर मंत्रालय विचार करते हुए समुचित निदान करेगा।

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कार्यशाला में आये हुए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधिकारियों, जिला उद्योग केन्द्र, उ.प्र.खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, बैंकर्स से आग्रह किया कि इस योजना में आ रही बाधाओं को समाप्त किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भारत सरकार की प्रमुख (फ्लैगशिप) योजना है, जिसके द्वारा लाखों लोगों को रोजगार देकर स्वावलम्बी बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि बैंकों के नीरसता के कारण योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक नहीं हो पर रहा है। बैंकों को योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि बैंक जब आर.टी.जी.एस. के माध्यम से धनराशि स्थानान्तरित कर सकती हैं, तो ई-ट्रेकिंग के द्वारा सारे विवरण भरकर मार्जिन मनी राशि का स्थानान्तरण क्यों नहीं किया जा सकता है। सारी गतिविधियाँ ऑनलाईन होने से कार्य में पारदर्शिता आयेगी। श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि ईडीपी प्रशिक्षण सभी चयनित उद्यमियों को देना बेहतर होगा। हमारे अधिकारियों की एक संयुक्त टीम, जिसमें वित्त पोषित बैंक के प्रबन्धक, संबंधित जिले के महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं आयोग के जिला समन्वयक होंगे, के द्वारा कराया जाना चाहिए ताकि किसी भी विसंगति के लिए जिम्मेवारी सुनिश्चित की जा सके।

अध्यक्ष महोदय ने आगे कहा कि पीएमईजीपी के अन्तर्गत योजना लागत 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने पर विचार किया जाना चाहिए । योजना के बेहतर कार्यान्वयन हेतु कारगर रणनीति पर जोर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, हमारा प्रयास है कि समाज का आखिरी व्यक्ति जो गरीब है, उसके साथ ऐसा व्यवहार न करें कि वह जहाँ खड़ा है, वहीं खड़ा रहे। इस योजना में आ रही अड़चनों को कम कर, प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर योजना की गति को तीव्र किया जाना चाहिए, जिससे कि गरीब से गरीब तबके के लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सके।

डा. रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव (सूक्ष्म लद्यु एवं मध्यम उद्यम), उ.प्र. ने इस अवसर पर कहा कि पीएमईजीपी के अन्तर्गत स्थापित इकाईयों का भौतिक सत्यापन वित्त पोषक बैंक के शाखा प्रबन्धक एवं तीनों कार्यदायी एजेन्सियों के प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से कराया जाना चाहिए। उ.प्र. हेतु वर्ष 2015-16 के लिए अतिरिक्त मार्जिन मनी राशि जारी की जाय ताकि बैंकों द्वारा जितने उद्यमियों की पीएमईजीपी के अन्तर्गत परियोजनाएं स्वीकृत की गई है उन सभी उद्यमियों को बिना विलम्ब के मार्जिनमनी अनुदान राशि समय से प्राप्त हो सके। पीएमईजीपी के अन्तर्गत मार्जिन मनी अनुदान का लॉक-इन पीरियड तीन वर्ष से कम कर, दो वर्ष किया जाय।

श्रीमती नीना शर्मा, आयुक्त एवं निदेशक(उद्योग), उ.प्र. ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश हेतु पीएमईजीपी के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा मार्जिनमनी अनुदान का आवंटित लक्ष्य राज्य के जनसंख्या एवं उद्यमिता की सम्भावनाओं की तुलना में काफी कम है जिसे बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य में पीएमईजीपी कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु कोई "कंटीजेन्सी फण्ड" आवंटित नहीं है जिस कारण कार्यक्रम का क्रियान्वयन तथा उसकी मानिटरिंग ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। अत: सभी कार्यदायी अभिकरणों को आवंटित मार्जिन मनी का कम से कम 5 प्रतिशत राशि कंटीजेन्सी खर्च हेतु उपलब्ध कराया जाय।

इस अवसर पर आयोग के सदस्य (म.क्षे.), श्री जय प्रकाश तोमर ने कहा कि जिला स्तरीय कार्यदल समिति द्वारा चयनित पीएमईजीपी के सभी आवेदन पत्र बैंक द्वारा स्वीकृत किये जाने चाहिए क्योंकि चयन के समय जिला अग्रणी प्रबन्धक बैंक के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में उपस्थित रहते हैं।

अन्त में श्री गुलाम हुसैन, मंडलीय निदेशक, खादी ग्रामोद्योग आयोग, मेरठ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात कार्यशाला का समापन किया गया।

गाजियाबाद में केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री द्वारा खादी प्रदर्शनी “खादी बाज़ार” का उदघाटन

गाजियाबाद, 21 जनवरी, 2016: केंद्रीय एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र ने आज गाजियाबाद में खादी पीएमईजीपी प्रदर्शनी “खादी बाजार-2016” का उद्घाटन किया।

प्रदर्शनी के उद्घाटन पश्चात खादी बाजार 2016 में माननीय मंत्री महोदय ने प्रदर्शनी के प्रतिभागियों एवं प्रदर्शकों के साथ बातचीत की। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री ने कहा कि खादी उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार वाराणसी में एक खादी भवन बनाने की योजना बना रही है।

उन्होंने बताया कि खादी बिक्री मुख्य रूप से पिछले वर्ष से अपने चरम पर है क्योंकि सभी आयु वर्ग के लोग अब खादी खरीद रहे हैं। खादी बिक्री के 2014-15 की पहली छमाही के आंकड़े अपने पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट पर थे। इन्हीं आंकड़ों में वर्ष 2014-15 की (सितंबर अप्रैल) दूसरी छमाही में अचानक उछाल आया। जबकि पहली दो तिमाहियों (2013-14) में बिक्री 500 करोड़ रुपये से घटकर 417 करोड़ रुपये रह गयी थी। हालांकि, अगली दो तिमाहियों 2014-15 में यही आंकड़ा 581 रुपये से ऊपर चला गया।

आयोग मुख्यालय में 67 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

मुख्यालय, मुंबई: 26 जनवरी का दिन भारत के इतिहास के लिए स्वर्णिम दिन है। वर्ष 1950 में इसी दिन हमारे देश का संविधान अस्तित्व में आया और हमारा देश एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बन गया। देश में अंतत: महात्मा गांधी एवं आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले कई स्वतंत्रता सेनानी के स्वप्न को पूरा करते हुए 26 जनवरी, 1950 को देश में गणतंत्र लागू हुआ।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने भी इस ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए देश का 67वां गणतंत्र दिवस मनाया। खादी और ग्रामोद्योग आयोग की वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश ने मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर आयोग की वित्तीय सलाहकार ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम खादी की बेहतरी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि खादी हमारी देश की आजादी का पूरक है। देश में विविधता के पश्चात भी यह दिन लोगों में देश भक्ति के जोश का संचार कर उन्हें एक साथ रखता है।

इस अवसर पर आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के.एस.राव, श्री वाई . के. बारामतिकर, श्री एस. के. सिन्हा, कार्यक्रम निदेशक एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने आयोग परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया।

रेलवे को खादी उत्पादों की आपूर्ति हेतु आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने दिनांक 5 जनवरी, 2016 को माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार श्री सुरेश प्रभु से मुलाकात की। इस अवसर पर माननीय रेल मंत्री ने खादी क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

आयोग के अध्यक्ष श्री वी.के. सक्सेना ने दिनांक 15.01.2016 को गुजरात के माननीय शिक्षा मंत्री श्री भूपेन्द्रसिंह चूडासामा के साथ रणपुर, गुजरात में आयोजित एक स्नेह मिलन समारोह में भाग लिया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ

खादी और ग्रामोद्योग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा ने 13 जनवरी, 2016 को आयोग मुख्यालय मुंबई के प्रार्थना कक्ष में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए आयोजित नव वर्ष शुभकामना कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर आयोग की वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मोहित जैन, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री वाय. के बारामतिकर एवं श्री एस. के. सिन्हा व अन्य कार्यक्रम निदेशक तथा अधिकारी गण उपस्थित थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय ने आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा कर्मचारियों को बधाई देते हुए जानकारी दी कि आयोग में भर्ती संबंधी नियम (रिक्रूटमेंट रूल) की प्रतीक्षा लगभग समाप्त होने वाली है जिससे पदोन्नति से जुड़ी बाधाओं को समाप्त किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि राजस्व अर्जित करने की दिशा में आयोग ने जो कदम उठाये थे उनके सकारात्मक परिणाम अब परिलक्षित होने लगे हैं, जो सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत उसकी संस्तुति को खादी और ग्रामोद्योग आयोग में लागू करने के लिए हितकर सिद्ध होगा।

इस अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग की नवनियुक्त वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश व आयोग के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मोहित जैन ने भी आयोग के अधिकारियों व कर्मचारियों को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी।

दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रखा जाएगा दुनिया का सबसे बड़ा चरखा



नई दिल्ली, 22 जनवरी, 2016: दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा लकड़ी का सूत कातने का चरखा प्रदर्शित किया जाएगा जो आजादी के आंदोलन में स्वावलंबन का प्रतीक बन गया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने चर्खे को एकजुटता के यंत्र के रूप में प्रयोग किया। वह खुद सूत कातते थे और इसे भारत के आत्मनिर्भरता का प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर भारतीय ग्रामोद्योग और खादी के प्रतीक चरखे की 27 फुट लंबी और 15 फुट प्रतिकृति स्थापित की जाएगी।

पिछले सप्ताह, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री वी. के. सक्सेना तथा जी.एम.आर. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आई. प्रभाकर राव के बीच हुई एक बैठक में एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के गेट नं.4 व 5 के बीच प्रस्थान स्थल पर चरखे को स्थापित करने हेतु जगह उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर स्थापित होने वाला यह चरखा काष्ठ और लोहे से निर्मित होगा। चरखा भारत की स्वतंत्रता का प्रतीक है और मौजूदा वर्ष 2016 महात्मा गांधी का दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटने का है। इसलिए यह वर्ष खादी और इसके सबसे सशक्त उपकरण चरखे के लिए महत्वपूर्ण है।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री वी. के. सक्सेना ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि यह विश्व का सबसे बड़ा चरखा होगा और यह प्रतिदिन 1.50 लाख देशी तथा विदेशी यात्रियों को भारतीयता से परिचित

"हरित वस्त्र" के नाम से जानी जाएगी..अब खादी

- खादी को "कार्वन रहित" वैश्विक उत्पाद वनाने के लिए सरकार अग्रसर
- परियोजना की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री की स्वीकृति
- खादी कपड़ों की सबसे बड़ी विशेषत:"हाथ बुना और हाथ कता" होना
- खादी की मांग को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देन।
- खादी उत्पादों की वाजार क्षमता रु. 40,000 करोड़

हमारी सरकार खादी को "शून्य दोष"-"कार्बन रहित" वाला वैश्विक उत्पाद बनाने के लिए अग्रसर है। सौर ऊर्जा का दोहन करने के लिए सरकार सोलर चरखों को देश भर में लोकप्रिय कर रही है जिससे हाथ से कती हुई खादी को "कार्बन रहित" हरित वस्त्र के रूप में पहचान मिल सके। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री गिरिराज सिंह ने कहा, इस परियोजना की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री की स्वीकृति मिल गयी है तथा इसे विशेष कार्यक्रम के आधार पर बिहार के नवादा जिले के खनवा गांव में प्रारम्भ भी किया जा चुका है। श्री गिरिराज सिंह ने देश में खादी उद्योग के पुनरुद्धार के लिए प्रमुख दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं एवं इसके लिए वह प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों से भी मिलेंगे। खादी कपड़ों की सबसे बड़ी विशेषता उनका "हाथ बुना और हाथ कता" होना है और विपणन की दृष्टि से इसी पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाएगा।

श्री गिरिराज सिंह ने बताया कि हम इस हरित वस्त्र का उत्पादन और विपणन अन्य रेडिमेड वस्त्रों की तरह करेंगे। हम इसके लिए निजी साझेदारों से सहयोग लेंगे। विभिन्न परिधान हाउस इस माह में हमें अपनी रिपोर्ट देंगे। अरविंद मिल्स और लीवाइस जैसे ब्राण्ड खादी से जींस बना रहे हैं, हम खादी की मांग को अंतर्राष्ट्रीय रूप देना चाहते हैं और इसके लिए 2.5 करोड़ प्रवासी भारतीय हमारे लक्ष्य हैं।

उन्होंने आगे बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने पूरे देश भर से 7000 खादी और ग्रामोद्योगी बिक्री केन्द्रों को नवीन रूप देने की योजना बनाई है। अध्ययन के अनुसार खादी उत्पादों की बाजार क्षमता रु. 40,000 करोड़ की है। सरकार स्कूलों में खादी के वस्त्रों की शुरुआत करने पर भी जोर दे रही है। मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार इस नए प्रयास से भी रु. 18,000 करोड़ तक का लाभ होगा। केंद्र, रु. 6,000 करोड़ सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत खर्च कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली के 300 स्कूलो में सर्वे करवाया है जिसमें 70 प्रतिशत प्रधानाध्यापकों ने इसमें अपनी रुचि दिखाई है।

साधना के लिए चरखा और सूत न केवल साधन है, बल्कि उसकी साधना और उद्देश्य भी है

मनोज पाठक

आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में बिहार के नवादा जिले के खनवां गांव की रहने वाली साधना देवी अपनी मेहनत और समझ की बदौलत घर की चारदीवारी को लांघ, न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" तक पहुंच गईं, बल्कि महिलाओं के लिए एक मॉडल भी बन गई हैं। आज केवल खनवां गांव में ही नहीं, साधना की चर्चा समूचे राज्य और देश में हो रही है।

मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात" में एक पत्र का उल्लेख करते हुए साधना का जिक्र किया था। वैसे खनवां की साधना को इसका अहसास भी नहीं था कि उसके द्वारा भेजा गया प्रधानमंत्री को एक पत्र उनके मन की बात में शामिल हो जाएगा।

सातवीं पास साधना के लिए आज चरखा और सूत न केवल स्वावलंबी बनने का साधन है, बल्कि उसकी साधना और उद्देश्य भी है।

खनवां गांव के गिरामपुर टोला निवासी साधना के पति अरविंद सिंह की तबीयत आठ महीने पूर्व अचानक खराब हो गई, तब दूसरों की मदद लेकर साधना ने अपने पति का इलाज करवाया। इस क्रम में साधना की जमापूंजी तो खत्म हो ही गई थी,

दूसरे की मदद लेना भी उसे बुरा लगा।

साधना कहती हैं, 'मैं रोजगार के लिए किसी विकल्प की तलाश कर रही थी, इसी दौरान गांव में सोलर चरखा का प्रशिक्षण केंद्र खोला गया। यह मेरे लिए आज वरदान साबित हो रहा है।"

उन्होंने सोलर चरखा से सूत कातने का प्रशिक्षण लिया और आज यह उसके परिवार की कमाई का जरिया बन गया। साधना प्रतिदिन इस चरखे से करीब 200 रुपये कमाती है।

केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग राज्यमंत्री श्री गिरिराज सिंह ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत नवादा के खनवां गांव को गोद लिया था। पांच माह पहले खादी ग्रामोद्योग की मदद से खनवा में सोलर चरखे का प्रशिक्षण केंद्र खोला गया था। पहले चरण में प्रशिक्षित 50 महिलाओं को चरखे भी उपलब्ध कराए गए। महिलाएं कच्चे माल से सूत कातती हैं और तैयार सूत को खादी ग्रामोद्योग को देती हैं।

मंत्री और नवादा के सांसद श्री सिंह ने आईएएनएस से कहा, "प्रधानमंत्री मोदी आम लोगों की बात करते हैं, यही कारण है कि वे जनमानस के नेता हैं। गांव की एक महिला के पत्र का जिक्र कर उन्होंने उसे देश की महिलाओं की उन्नति से जोड़ा। सोलर चरखा आज सच में इस क्षेत्र की महिलाओं के लिए खुशी लाने का साधन बन गया है।"

साधना ने बताया कि उसने दो महीने में 40 किलो सूत की कताई की है, जिससे आठ हजार रुपये की आमदनी हुई है।

उल्लेखनीय है कि बिहार के नरहट प्रखंड के खनवां निवासी 35 वर्षीया साधना ने प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखकर सोलर चरखा से हो रहे फायदे की जानकारी दी थी। उस पत्र में मजदूरी बढ़ाने की फरियाद भी थी। रविवार को प्रधानमंत्री ने जब रेडियो पर साधना की चर्चा की, तब साधना की खुशी का ठिकाना न रहा।

साधना ने कहा, "माननीय प्रधानमंत्री को मैं शुक्रिया अदा करना चाहती हूं, जिन्होंने मुझ जैसे निर्धन की फरियाद सुनी। मेरी मेहनत की सार्वजनिक रूप से चर्चा की। हालांकि उस समय मैं सूत कात रही थी, इसलिए खुद तो नहीं सुन पाई, लेकिन लोगों ने जब बताया, तब मुझे काफी खुशी हुई। यह मेरी खुशकिस्मती है।"

खनवां पंचायत की मुखिया बेबी देवी भी अपने गांव की महिला की चर्चा प्रधानमंत्री द्वारा किए जाने से प्रसन्न हैं। बेबी ने खुशी जाहिर करते हुए आईएएनएस से कहा, 'प्रधानमंत्री ने खनवां गांव का जिक्र कर गांव का मान बढ़ाया है। सोलर चरखा लाचार महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। निश्चित रूप से गांव की प्रधानमंत्री द्वारा चर्चा किए जाने से गांव की और उन्नति होगी।"

बेबी कहती हैं कि पहले गांव की महिलाएं सिर्फ घरेलू कार्यो तक ही सीमित थीं, लेकिन अब स्वावलंबी बनने की उनमें चाहत जगी है।

साभार: खादी न्यूज़

उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए 25 इंक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के केन्द्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र ने लखनऊ में दिनांक 06 जनवरी, 2016 को गन्ना संस्थान, लखनऊ के प्रेक्षागृह में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण और शहरी युवाओं को सेवाभिमुखी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु अपने प्रतिष्ठित कार्यक्रमों के अंतर्गत आजीविका प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश में 25 इंक्यूबेशन केन्द्रों की स्थापना करने जा रहा है।

श्री कलराज मिश्र ने आगे बताया कि ये इंक्यूबेशन केन्द्र अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में स्थापित किए जाएगें और राज्य सरकार द्वारा इसे संचालित किया जाएगा। मंत्री महोदय खादी और ग्रामोद्योग आयोग की कार्यशाला की अध्यक्षता करने के लिए लखनऊ में उपस्थित थे।

राज्य के ग्रामीण भागों में इंक्यूबेशन केन्द्रों को स्थापित किया जाएगा, इसके लिए जमीन राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। सम्पूर्ण देश में 100 इंक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में इस प्रकार के 10 सेंटरों के लिए जमीन आबंटित की गई है। वाराणसी और देवरिया में दो केन्द्रों ने कार्य करना प्रारम्भ भी कर दिया है। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार 25 केंद्र स्थापित किए जाएगें, इसमें तकनीकी और गैर-तकनीकी संबन्धित विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किये जाएगें।

श्री मिश्र ने आगे बताया कि युवाओं को इंक्यूबेशन केन्द्रों से प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्हें, अपना उद्योग स्थापित करने हेतु राष्ट्रीय बैंकों से ऋण प्रदान किया जाएगा और जो युवा नौकरी करना चाहते हैं, ऐसे युवाओं को बेहतर स्थान में नियोजित करने हेतु मदद प्रदान की जाएगी।

इन केन्द्रों में लड़कियों को फैशन डिजाइनिंग, दर्जी कार्य और ब्यूटीशियन पाठ्यक्रम तथा अन्य व्यावसायिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

मंत्रालय ने इंक्यूबेशन केंद्र में सम्पूर्ण देश के आठ लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्यांक निर्धारित किया है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सरकार, एमएसएमई उद्योगों के लिए डिजिटल रोज़गार कार्यालय स्थापित करने की भी योजना बना रही है।

मंत्री महोदय ने आगे जानकारी दी कि इन रोजगार कार्यालयों में उद्यमियों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सेवाभिमुखी कंम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के संबंध में बताते हुए श्री मिश्र ने कहा कि कृषि आधारित ग्रामीण उद्योगों में नवीनता लाने के लिए इस योजना को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

लखनऊ में, डॉ. शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, आई.ई.टी. परिसर एंव महिला विद्यालय स्नातकोत्तर कॉलेज में इंक्युबेशन केन्द्र स्थापित किया जाएगा।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष का वाराणसी दौरा

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री वी. के. सक्सेना ने आयोग के मंडलीय कार्यालय, वाराणसी, का दौरा 9 और 10 दिसंबर, 2015 को किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं के लिए खादी ग्रामोद्योगी कार्यक्रमों के द्वारा नए रोजगार तलाशने की संभावनाओं पर मंथन किया।

जयापुर ग्राम का दौरा: अध्यक्ष महोदय ने 10 दिसम्बर 2015 को वाराणसी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जयापुर ग्राम का दौरा किया तथा यहाँ की ग्राम प्रधान श्रीमती दुर्गा देवी और मेसर्स जन कल्याण परिषद (खादी और ग्रामोद्योग से सीधी सहायता प्राप्त संस्थान) के सचिव श्री सुरेंद्र सिंह से मुलाकात की और उनके साथ चर्चा करने के बाद निम्नलिखित निर्णय लिए गये:-

जन कल्याण खादी ग्रामोद्योग परिषद, वाराणसी के सचिव गांव में खादी की कताई और बुनाई जैसी गतिविधियां शुरू करेंगे और इसमें 18 वर्ष के ऊपर 25 महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा। ग्राम प्रधान उम्मीदवारों को चिन्हित कर उनके प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान प्रदान करेंगे।

प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद वह प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 15,000/- रुपये की लागत वाले नए मॉडल चरखा (एनएमसी) प्रदान करेंगे जिसे वह घर पर ही चलाकर प्रति दिन 80 से 100 रुपये तक कमा सकते है। 5-6 बुनकरों को 35,000/- रुपये लागत वाला नवीनतम विकसित ग्राम लक्ष्मी करघा उपलब्ध करवाया जाएगा जिससे कि वह प्रतिदिन 120-150/- रुपये तक कमा सकते है। खादी के कत्तिनों और बुनकरों को सामाजिक सुरक्षा योजना, वर्क शेड योजना के तहत लाया जाएगा। खादी संस्थाएं उन्हें कच्चा माल उपलब्ध कराएंगी तथा उनसे तैयार सूत और कपड़ा लेगी एवं उनके बैंक अकाउंट के द्वारा उन्हें घर पर ही मेहनताना भी दिया जाएगा।

इसके साथ ही 18 वर्ष के ऊपर 10 से 15 लड़कियों को सिलाई/डिजाइनिंग/कढ़ाई में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे वह फैंसी वस्त्रों का उत्पादन कर पायें तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से जुड़कर रेडीमेड वस्त्र इत्यादि तैयार कर सकें।

3) किसानों और ग्रामवासी जिनके पास पर्याप्त पशु हैं उन्हें बायोगैस संयंत्र दिया जाएगा जिससे उन्हें प्रकाश, रसोई गैस, जैव खाद उपलब्ध हो सके और गांव की साफ-सफाई और स्वच्छता में सुधार हो।

सभी उपरोक्त गतिविधियां अगले 30-45 दिनों में शुरू हो जाएंगी।

सेवापुरी ग्राम का दौरा: अध्यक्ष महोदय ने सेवापुरी ग्राम में एक प्रशिक्षण केंद्र सहित दो खादी संस्थानों का दौरा किया। प्रशिक्षण केन्द्र में कताई, बुनाई, चमड़ा, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद, मसाला प्रसंस्करण, मिट्टी के बर्तन, मधुमक्खी पालन, सिलाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर, कागज रूपांतरण, अगरबत्ती बनाने और मोमबत्ती बनाने के प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ कर इन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा तथा ग्रामीण युवाओं को स्वयं का उद्यम स्थापित कर सतत रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और खादी संस्थाओं को पीएमईजीपी और अन्य उद्यमी कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य दो खादी संस्थाओं को पुनर्जीवित किया जाएगा जिससे लगभग 500 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान किया जा सके।

भट्ठी ग्राम का दौरा: भट्ठी गांव वाराणसी में लोहता के पास स्थित है, जहां लगभग 80 पारंपरिक कुम्हार परिवार और 150 कारीगर, पारंपरिक कुम्हारी उद्योग से जुड़े हुए हैं। यह कच्चे माल, विपणन और कम आमदनी जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन कुम्हारों को खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्फूर्ति योजना से जोड़ा जाएगा जिससे प्रशिक्षण, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, उत्पाद डिजाइन, नवीनतम प्रौद्योगिकी सहायता, विपणन और प्रदर्शनी आदि के माध्यम से वह अपनी आय बढ़ा सकते है। 3 से 4 माह के अंदर इसके पुनरुत्थान की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाएगी।

आयोग के राज्य कार्यालय, गंगटोक में 67वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया

26 जनवरी, 2016 को आयोग के राज्य कार्यालय, गंगटोक में 67वां गणतंत्र दिवस समारोह मनााया गया, इस अवसर पर कार्यालय के विकास अधिकारी प्रभारी डा. एस. के. भुयान ने कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर कार्यालय के सभी पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन किया गया।

गणतंत्र दिवस समारोह में आसपास के आम जनों के साथ स्थानीय स्कूल के विधार्थियों ने भी भाग लिया।

भारत और मॉरिशस के मध्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम वर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग हेतु पहली संयुक्त समिति की बैठक

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम वर्ग के विभिन्न क्षेत्रों में भारत और मॉरिशस के बीच सहयोग संबंधी पहली संयुक्त समिति की बैठक आज 21 जनवरी, 2016 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

सहयोग के सम्भावित क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। ये क्षेत्र दोनों देशों के बीच 13 दिसम्बर, 2015 को हुए समझौते के अनुरूप हैं। सहयोग के जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के जरिए क्षमता निर्माण, सक्षम क्षेत्रों का सर्वेक्षण, प्रबंधकीय और तकनीकी कौशल, विपणन, प्रदर्शनी एवं व्यापार मेलों का आयोजन, व्यापार गतिविधियों का आदान-प्रदान, वित्त तक आसान पहुंच शामिल हैं।

दोनों देशों ने उपरोक्त क्षेत्रों के अलावा कॉयर, खादी और हस्तशिल्प वर्ग के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर भी सहमति व्यक्त की गई। मॉरिशस ने भारत को विशेष रूप से बायोफार्मिंग प्रौद्योगिकी प्रदान करने का प्रस्ताव किया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग के आदान-प्रदान पर भी सहमति व्यक्त की है।

बैठक में मॉरिशस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के व्यापार, उद्यम एवं सहकारिता मंत्री महामहिम श्री सूमिलदुथ सुनील भोला और भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र ने किया तथा भारतीय पक्ष की तरफ से बैठक की सह-अध्यक्षता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने की।

अण्डमान निकोबार खादी बोर्ड द्वारा प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत डीएलटीएफसी की 51वीं बैठक

आयोग की पीएमईजीपी योजना के तहत उत्तर और मध्य अंडमान जिले से प्राप्त ऋण आवेदन पत्रों का निपटान करने हेतु 11 जनवरी 2016 को जिला कार्यालय, मायाबंदर में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की 51 वीं बैठक श्री अर्वा गोपी कृष्ण, आईएएस, उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग देगा मॉरिशस को सहयोग

भारत और मॉरिशस के मध्य सहयोग बढ़ाने के लिए मॉरिशस गणराज्य के व्यापार, उद्यम और सहकारिता मंत्री, श्री सूमिलदथ सुनील भोलाह और मॉरिशस गणराज्य के व्यापार, उद्यम और सहकारिता मंत्रालय के स्थायी सचिव श्री वासू पुटचे ने 19 जनवरी, 2016 को खादी और ग्रामोद्योग आयोग की वित्तीय सलाहकार श्रीमती उषा सुरेश, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्रमशः श्री के.एस. राव, श्री एस.के. सिन्हा, श्री वाई. के. बारामतिकर तथा आयोग के अन्य कार्यक्रम निदेशकों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुंबई के ढेबरभाई सभाकक्ष में बैठक की।

इस बैठक में उन्होंने मॉरिशस में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से रोजगार सृजन, उद्यमिता, विपणन, प्रदर्शनियों और व्यापार मेलों का आयोजन, व्यापार स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता, क्लस्टर समूहों का विकास, युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

श्रीमती उषा सुरेश ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया एवं आयोग और इसके वर्तमान विकास के बारे में एक संक्षिप्त

परिचय दिया। श्री के. एस. राव ने खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र की व्यापकता और इसके विकास के बारे में विस्तार से बताया। श्री एस.के. सिन्हा ने पावरपॉइंट प्रदर्शन के माध्यम से "खादी और ग्रामोद्योग आयोग एक सिंहावलोकन" कि प्रस्तुति की और आयोग की संभावनाओं और भविष्य पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही मधुमक्खी पालन और हाथ कागज पर तैयार फिल्मों को भी बैठक में दिखाया गया।

श्री सूमिलदथ सुनील भोलाह ने अपने संबोधन में कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र का आज विश्व में अभूतपूर्व योगदान है और यह युवाओं को आकर्षित कर रहा है।

यह क्षेत्र न केवल रोजगार सृजन में सहायक है बल्कि यह स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि खाद्य प्रसंस्करण, हस्तनिर्मित कागज और जैव खेती के संयुक्त उपक्रम से मॉरिशस जैसे छोटे से देश में रोजगार के विस्तृत अवसर उत्पन्न होंगे।

गांधी, खादी-चरखा और रोजगार

भारत की आजादी के आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाला खादी चरखा देश में रोजगार के सृजन में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक दूरदृष्टा थे इसलिए उन्होंने पहले ही खादी के महत्व को समझ लिया था और स्वयं चरखा चला कर सूत कातना शुरू कर दिया था। गांधीजी चरखे को, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण जनता की आर्थिक निर्भरता का प्रतीक मानते थे।

महात्मा गांधी के चरखा चलाने का असर यह हुआ कि लोग विदेशी कपडों को त्याग कर स्वयं चरखा चला कर धागा बनाते और भारत में बनी खादी को शान से पहनते, इससे ब्रिटिश हुकूमत परेशान हो गयी क्योंकि उनका कपड़ा भारत में बिकना लगभग बंद हो गया।......... समय बदल गया...........और चरखे का स्वरूप भी बदल गया लेकिन इस चरखे ने कल भी लोगों की आश्यकताओं को पूरा किया था और आज भी इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकती हैं।

वर्तमान समय में कई प्रकार के चरखे बाजार में उपलब्ध हैं। लेकिन सौर ऊर्जा से चलने वाला सबसे नया सोलर चरखा मिलना शुरू हो गया है। इस चरखे से कम समय में अधिक सूत काता जा सकता है। इसमें बिजली की खपत नहीं होगी जिससे लागत में कमी आयेगी और साथ ही सौर ऊर्जा से चलने के कारण उत्पादन बढ़ेगा, जिससे लोगों की आय में बढ़ोतरी होगा।

हमारे देश में जनसंख्या को देखते हुए बेरोजगारी बहुत अधिक है और बेरोज़गारी के कारण लोग परेशान हैं। बेरोजगारी युवाओं के लिए अभिशाप है कभी कभी यही युवक गलत रास्ते पर भटक जाते हैं। सिर्फ बेरोजगार युवा ही नहीं परेशान हैं बल्कि अन्नदाता-किसान भी परेशान हैं। हमारी कृषि प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर करती है यदि बारिश अच्छी हुई तो फसल अच्छी होती है यदि बारिश अच्छी नहीं हुई तो किसान परेशान हो जाते हैं। महाराष्ट्र के मराठवाडा में पिछले तीन वर्ष से बारिश नहीं होने के कारण किसान आर्थिक बोझ से परेशान हैं और अब तक कई किसान आत्महत्या भी कर चुके हैं।

ऐसी परिस्थिति में यदि परेशान किसान और बेरोज़गार लोग यदि चर्खे से सूत कातना शुरू करें, तो वे प्रतिमाह 10 से 15 हजार रूपये की आमदनी आसानी से कर सकते हैं और पूरे परिवार का पालन कर सकते हैं।

जो किसान मराठवाडा में फसल के नष्ट होने के कारण और कर्ज से परेशान हो कर आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाते हैं यदि उनके परिवार में एक भी चर्खा उपलब्ध हो तो उन्हें कृषि के अतिरिक्त प्रति माह परिवार का खर्च चलाने के लिए आमदनी हो सकती है और किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। इसे प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, लोगों तक जानकारी पहुंचाने की आवश्यकता है। खादी चरखा अपनाकर देश के करोड़ों लोग बहुत कम समय में रोजगार पा सकते हैं लेकिन इसे बढ़ावा देने का काम सिर्फ सरकार का नहीं है, वरन् समाज के लोगों को भी आगे आना चाहिए। परिवार में यदि वर्ष में एक जोड़ी खादी कपड़ा खरीदा जाय तो बेरोज़गार लोगों को बहुत बड़ी राहत मिल सकती है।

बेरोजगारी को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा और स्वयं भी जागृत होना होगा क्योंकि जब तक हम स्वयं नहीं जागेंगे तब तक कोई भी आंदोलन कारगर साबित नहीं होगा। बेरोज़गार लोगों को आज सरकारें कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं इसलिए इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए स्वयं पहल कर जानकारी एकत्र करें और बेरोजगारी को दूर भगाएं।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खादी को बढ़ावा देने में कोई कोर कसर नहीं छोड रहे हैं इसलिए आशा है कि इस क्षेत्र में करोड़ों लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

- राघवेन्द्र त्रिपाठी, यूनीवार्ता

कताई कार्य सूखाग्रस्तों का भाग्य बदल देगा

"नाम" नामक संस्था ने किसान समुदाय को सहायता प्रदान करने हेतु उनके समस्या का स्थाई रूप से समाधान करने का समर्थन किया और ऐसी महिलाओं को कताई चरखा देने का निर्णय लिया जिनके किसान पतियों ने सूखे के कारण आत्महत्या कर ली है।

